दैनिक भास्कर 08/09/2022

# केयू की मेरिट सूची में रहीं जीएमएन कॉलेज की छात्रा रबनूर

भास्कर न्यूज | अम्बाला

कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की छात्रा रबनूर ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अपना विशेष स्थान प्राप्त किया। रबनूर ने सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, कला व एनसीसी एनएसएस सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से भूमिका निभाई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने रबनूर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यापक डॉ. मनजीत कौर, डॉ. अनिश कुमार व डॉ. ज्योति ने रबनूर को बधाई दी।